@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Monday, 20 October 2025 PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020| Vol 1 | Issue No.- 48| Pages 04 | ₹3.00



### RJD Leader Madan Shah Alleges 2.7 Crore Ticket Demand, Breaks Down Outside Rabri Niwas

**Patna**: In a dramatic turn of events that has sent shockwaves through Bihar's political circles, Rashtriya Janata Dal (RJD) leader Madan Shah broke down in tears outside Rabri Niwas, alleging that he was asked to pay a hefty 2.7 crore in exchange for an election ticket. Speaking to the media in an emotionally charged statement, Shah claimed that senior RJD functionary Sanjay Yadav demanded the money as a prerequisite for his nomination.

**HOLIDAY NOTICE**

The office of Fair Reportwill remain closed on October 20 and 21 on account of Diwali. There will be no issues of the newspaper on October 21 and 22.

WISHING ALL OUR READERS A VERY HAPPY DEEPAWALI!

## EWS-LIG Families Get Diwali Gift

# ₹200 Crore Corpus Fund Approved Under CM Jan Awas Yojana

FAIR REPORT

**Jaipur,** October 17: Bringing festive cheer to thousands of economically weaker and low-income families, the Rajasthan government has approved a 200 crore corpus fund under the Chief Minister Jan Awas Yojana to expedite the construction of affordable housing units across the state.

The decision was taken under the directions of Urban Development and Housing Minister Jhabar Singh Kharra, following a review meeting of the Rajasthan Urban Infrastructure Development and Finance Corporation (RUDSICO) Fund Management Committee. During the meeting, Principal Secretary, Local Self Government Department, Ravi Jain, gave formal approval for the corpus fund.



The initiative aims to accelerate the completion of delayed housing projects meant for Economically Weaker Section (EWS) and Low Income Group (LIG) beneficiaries. Many of these projects had been stalled due to delays in payment from approved allottees. The newly approved fund will ensure the timely completion of these houses and provide long-awaited relief to eligible families waiting for permanent homes.

Officials stated that the decision marks a major step towards realizing Chief Minister Bhajan Lal Sharma's vision of ensuring "a roof for every family". The government's renewed focus on affordable housing is expected to significantly improve the living conditions of urban poor and promote inclusive urban development.

With this move, the state government has reaffirmed its commitment to social welfare and housing equity, making this Diwali truly special for thousands of families who will soon have a home to call their own.

# Rajasthan's Cities Shine Ahead of Diwali: 'Urban Service Camps' Bring New Light and Efficiency

FAIR REPORT

**Jaipur :** As Diwali approaches, Rajasthan's cities are glowing brighter than ever—thanks to the state government's ambitious 'Urban Service Camps (Shahri Seva Shivirs)', launched under the leadership of Chief Minister Bhajanlal Sharma. The initiative, aimed at improving urban amenities and delivering prompt services to citizens, has transformed the public landscape across urban Rajasthan. According to Ravi Jain, Principal Secretary, Local Self Government Department, the state currently has an estimated 16 lakh streetlights under various urban local bodies. Since the commencement of the camps on September 17, authorities received 89,937 complaints related to faulty or non-functional streetlights. Demonstrating administrative responsiveness, the department ensured that all cases were resolved within a stipulated timeframe. In addition to repairs, the campaign has also accelerated new installations—37,952 new streetlights have already been installed across towns and cities. Furthermore, the process for installing an additional two lakh lights is already underway, with tenders finalized and implementation expected soon. Officials said the initiative has not only enhanced illumination and safety but also improved the overall urban aesthetic just ahead of the festive season. Brightly lit roads and alleys have brought visible cheer to citizens, symbolizing efficiency and care in public governance.

The 'Urban Service Camps' reflect the government's larger vision of "Har Ghar, Har Gali, Har Chowk Roshan"—ensuring every home, lane, and square is illuminated, fostering a blend of safety, convenience, and beauty.Residents across Rajasthan have welcomed the initiative, praising the swift administrative action and visible results on the ground. As the festive lights blend with the glow of improved infrastructure, the program has become a symbol of responsive governance — proving that when the administration reaches the people's doorstep, the light of development truly shines in every corner.



## डूंगला और बोहेड़ा को मिलेगा आधुनिक स्वास्थ्य ढांचा...

# राज्यपाल कटारिया ने किया भूमि पूजन, 24 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़**। जिले के डूंगला और बोहेड़ा गांवों को जल्द ही अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है। रविवार को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने दोनों स्थानों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इन परियोजनाओं पर कुल 24 करोड़ से अधिक की लागत आएगी।

इस मौके पर राज्यपाल कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "आत्मनिर्भर भारत" के संकल्प के अनुरूप देश तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवाओं का विस्तार गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

डूंगला में 50 बेड, बोहेड़ा में 30 बेड का बनेगा अस्पताल

राज्यपाल ने बताया कि डूंगला में 16.99 करोड़ रुपये की लागत से 50 बेड का आधुनिक अस्पताल और बोहेड़ा में 7.10 करोड़ रुपये से 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। इन केंद्रों में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण, ऑपरेशन थिएटर, लैब, प्रसूति कक्ष, दवा वितरण केंद्र और आपात सेवाएं उपलब्ध होंगी।

राज्यपाल ने कहा कि अस्पतालों के निर्माण से आसपास के सैकड़ों गांवों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।



### "जनता के सहयोग से ही स्वास्थ्य सेवाएं सफल होंगी"

राज्यपाल कटारिया ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घर-आंगन पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की।

### मुख्यमंत्री की सोच से बदल रहा बड़ीसादड़ी क्षेत्र — गौतम दक

सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बड़ीसादड़ी क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, पेयजल और कृषि के क्षेत्र में तेज विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री ने किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित की है।

### जनप्रतिनिधियों ने सराहा विकास कार्यों की गति

कार्यक्रम में कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या और बेगूं विधायक सुरेश धाकड़ ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को जनकल्याणकारी बताया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ललित ओस्तवाल, जिला कलक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम, एएसपी सरिता सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल ने ग्रामीणों से संवाद किया और क्षेत्र में चल रही योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से और तय समय में पूरे किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र लाभ मिल सके।

## डीजीपी का दीपावली संदेश: सेवा, सुरक्षा और न्याय के दीप जलाएँ

FAIR REPORT



**जयपुर**। दीपावली के अवसर पर डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने राजस्थान पुलिस परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए नवीन आपराधिक कानूनों के सफल क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जैसे दीपावली का प्रकाश अंधकार मिटाता है, वैसे ही पुलिस का ध्येय सेवा, सुरक्षा और न्याय का प्रकाश जन-जन तक पहुँचाना है। शर्मा ने कहा कि ये नए कानून जनसुलभ, पारदर्शी और पीड़ित-केंद्रित न्याय व्यवस्था के नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों से आह्वान किया कि वे निष्ठा, संवेदनशीलता और समर्पण से जनता के बीच भरोसे के दीप जलाएँ। डीजीपी ने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्साह का प्रकाश लाए

## दीपावली पर रौनक से चमके जयपुर के बाजार, खरीदारी ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

FAIR REPORT

**जयपुर**। गुलाबी नगरी जयपुर इस समय दीपावली की तैयारियों में डूबी हुई है। चौड़ी चौपड़ से लेकर विश्वकर्मा, त्रिपोलिया, राजापार्क और टोंक रोड तक — हर बाजार रंग, रोशनी और रौनक से सजा है। भीड़भाड़ इतनी कि शाम ढलते ही गलियाँ किसी मेले का रूप ले लेती हैं। व्यापारियों के अनुसार इस बार खरीदारी ने पिछले वर्षों के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सोना-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सजावटी सामान, कपड़े और मिठाइयों की बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खासतौर पर राजस्थानी हैंडलूम, जरीदार साड़ियाँ, मोजड़ी और सजावटी दीपक की जबरदस्त मांग है। राजापार्क के व्यापारी सतीश अग्रवाल ने बताया, "पिछले दो सालों के मुकाबले इस बार ग्राहकों की संख्या लगभग दोगुनी है। लोग खुलकर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे बाजार में पुराने दिनों जैसी चहल-पहल लौट आई है।" वहीं, जवाहर सर्किल और मिर्ज़ा इस्माइल रोड (एमआई रोड) पर ज्वेलरी शॉप्स में भी भारी भीड़ देखी जा रही है। डायमंड और गोल्ड के हल्के वजन के गहनों की बिक्री में उल्लेखनीय इज़ाफा हुआ है।

-इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर्स में स्मार्ट टीवी, फ्रिज और मोबाइल फोन की खरीदारी सबसे आगे रही, जबकि मिठाई बाजारों में घी के लड्डू, काजू कतली और बेसन चक्की की खुशबू ग्राहकों को खींच रही है। जयपुर नगर निगम की ओर से सड़कों और चौकों को सजाने के लिए विशेष LED लाइटें और पुष्प सजावट की गई है, जिससे पूरा शहर किसी उत्सव स्थल में तब्दील हो गया है। दीपों की यह चमक और खरीदारों की मुस्कान बता रही है — इस बार जयपुर की दीपावली सिर्फ रोशनी की नहीं, बल्कि उम्मीद और समृद्धि की वापसी की कहानी भी है।

दीपावली विशेष आलेख |

## होइहि सोइ जो राम रचि राखा



लवीना वाधवा, संपादक फेयर रिपोर्ट

जब चौदह वर्षों के वनवास के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या लौटे, तो नगर की गलियाँ केवल दीपों से नहीं, बल्कि आस्था से जगमगा उठीं। हर दीपक उस विश्वास का प्रतीक था कि "होइहि सोइ जो राम रचि राखा" — जो राम ने रचा है, वही होगा।

दीपावली का यह पर्व केवल अंधकार पर प्रकाश की विजय नहीं, बल्कि संकट पर श्रद्धा की जीत है। यह हमें सिखाता है कि जब जीवन में अंधियारा गहराता है, तब भी कहीं न कहीं प्रकाश का मार्ग निर्धारित होता है। जैसे श्रीराम ने रावण पर विजय पाकर अयोध्या का मार्ग पाया, वैसे ही हर आत्मा अपने प्रकाश की ओर लौटती है — बस धैर्य और विश्वास चाहिए।

आज भी जब भारत के हर कोने में दीप जलते हैं, तो वह केवल रोशनी नहीं फैलाते, वे एक दर्शन प्रकट करते हैं — जीवन में प्रकाश तब आता है जब हम अपने भीतर के अंधकार को स्वीकार कर उसे रूपांतरित करने का साहस जुटाते हैं। मिट्टी का दिया जब स्वयं को अग्नि में अर्पित करता है, तभी वह प्रकाश देता है। यही दीपावली का सार है — समर्पण से ही सृजन होता है।

इस दीपावली, जब तुम दीप जलाओ, तो लक्ष्मी की कामना के साथ एक क्षण के लिए शांति की भी प्रार्थना करना। यह याद रखना कि जीवन में हर विलंब, हर संघर्ष, हर मोड़ — राम की रचना का ही एक भाग है।

क्योंकि सच्चा विश्वास कभी प्रश्न नहीं करता, वह बस कहता है —
"होइहि सोइ जो राम रचि राखा।"
यही दीपावली का सबसे उज्ज्वल सत्य है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्ट्रीट वेंडर्स से की

# दीपावली की खरीदारी, दिया वोकल फॉर लोकल का संदेश

### यूपीआई से भुगतान कर डिजिटल इंडिया को किया प्रोत्साहित

FAIR REPORT

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली की पूर्व संध्या पर स्थानीय दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स से खरीदारी कर वोकल फॉर लोकल का संदेश दिया। वे रविवार को सपरिवार मानसरोवर के किरण पथ स्थित बड़ा बाजार पहुंचे और मिट्टी के दीये, पूजन सामग्री, रंगोली, बंदनवार एवं फल आदि खरीदे। शर्मा ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जीएसटी की दरों में भारी कमी की है, जिससे दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं। त्यौहारों पर बचत होने से आमजन में खरीदारी को लेकर काफी उमंग और उत्साह नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि हमें वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए स्थानीय दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडर्स से अधिक से अधिक खरीदारी करनी चाहिए, जिससे उनके घरों में खुशहाली बढ़े। उन्होंने कहा कि देश में निर्मित उत्पादों का उपयोग कर हमें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स से आत्मीयतापूर्वक बातचीत की तथा यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर डिजिटल इंडिया को भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्थानीय व्यापार संगठनों एवं आमजन ने मुख्यमंत्री का स्वागत-अभिनन्दन किया।



## लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस का बड़ा प्रहार, 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

FAIR REPORT

**जयपुर**। कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पर 25,000 का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसके कब्जे से देशी-विदेशी एक दर्जन पिस्टल, 20 जिंदा कारतूस और एक बोलेरो गाड़ी बरामद की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई के निर्देशन में की गई, जिसमें डीएसटी टीम और पनियाला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई। पुलिस ने बताया कि आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में अवैध हथियारों की आपूर्ति और गिरोह के नेटवर्क को सक्रिय रखने में लगा हुआ था।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गैंग का यह सदस्य भारी मात्रा में हथियार लेकर किसी सौदे के लिए आने वाला है। सूचना के आधार पर की गई घेराबंदी में आरोपी को दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान बोलेरो से पिस्तौल, मैगजीन और कारतूस का जखीरा बरामद हुआ। एसपी देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि यह गिरफ्तारी गैंग के नेटवर्क पर एक कड़ा प्रहार है। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर निगरानी और छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई से पुलिस ने न केवल एक बड़े गैंग की साजिश को नाकाम किया है, बल्कि क्षेत्र में गैंगस्टर नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में निर्णायक कदम भी उठाया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है, जिससे गैंग के अन्य सदस्यों और हथियार आपूर्ति चैन का खुलासा होने की उम्मीद है।

## भाजपा जिला कार्यालय ओछड़ी में आज होगा भव्य महालक्ष्मी पूजन

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़**। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय ओछड़ी में सोमवार, 20 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे भव्य महालक्ष्मी पूजन का आयोजन किया जाएगा। पूजन कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी के सानिध्य में विधि-विधान से संपन्न होगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने कहा कि महालक्ष्मी पूजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति भाजपा संगठन की गहरी आस्था और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि पूजन के माध्यम से प्रदेश और देश की समृद्धि, जनसेवा तथा संगठन की मजबूती का संकल्प लिया जाएगा।

## निरीक्षण कर केंद्रीय मंत्री चौधरी ने बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर दिए दिशा-निर्देश

FAIR REPORT

**जयपुर**। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद श्री भागीरथ चौधरी ने रविवार शाम जेएलएन अस्पताल, अजमेर पहुंचकर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, ओपीडी, आपातकालीन कक्ष, लेबर रूम, दवा वितरण केंद्र और प्रयोगशाला की व्यवस्थाओं का विस्तार से जायज़ा लिया। उन्होंने वहां मौजूद मरीजों से संवाद कर उपचार एवं सुविधा संबंधी जानकारी प्राप्त की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। मरीजों को बेहतर उपचार सर्वोच्च प्राथमिकता



केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी ने इस अवसर पर चिकित्सकों एवं अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक कर उपलब्ध मानव संसाधन, दवाओं की पर्याप्तता, उपकरणों की स्थिति तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा संबंध जनजीवन की गुणवत्ता से है, इसलिए हर मरीज को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और मानवीय संवेदना से युक्त उपचार मिलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर उपचार और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अस्पताल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ संवेदनशीलता और सहानुभूति का व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

## आपदा के समय केंद्र सरकार लोगों के साथ कर्नाटक और महाराष्ट्र को SDRF की दूसरी किस्त ₹1950.80 करोड़ स्वीकृत

FAIR REPORT

**नई दिल्ली**। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों को राहत पहुँचाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बार फिर तत्परता दिखाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने शनिवार को कर्नाटक और महाराष्ट्र को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) की दूसरी किस्त के रूप में 1950.80 करोड़ की अग्रिम राशि जारी करने को मंजूरी दी है। यह राशि दोनों राज्यों में इस वर्ष भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत प्रदान करने के उद्देश्य से दी गई है। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के अनुसार, इस धनराशि का उपयोग प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री, अस्थायी आवास, पुनर्वास सहायता तथा बुनियादी ढाँचे की मरम्मत के लिए किया जाएगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष में केंद्र सरकार अब तक 13,603.20 करोड़ की राशि 27 राज्यों को SDRF के तहत जारी कर चुकी है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (NDRF) से भी 15 राज्यों को 2189.28 करोड़ की सहायता दी गई है। केंद्र सरकार का कहना है कि आपदा की स्थिति में राहत और पुनर्वास कार्यों को गति देना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मोदी स्वयं कई मौकों पर यह दोहरा चुके हैं कि "आपदा के समय केंद्र और राज्य दोनों को मिलकर कार्य करना चाहिए ताकि किसी भी नागरिक को कठिनाई न हो।" इस निर्णय से स्पष्ट है कि केंद्र सरकार न केवल आपदा के दौरान बल्कि उसके बाद भी प्रभावित नागरिकों के साथ खड़ी है — संवेदनशीलता और जिम्मेदारी, दोनों के साथ।


दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
Maharaja Wedding
Shree Kalyan Complex, Opp. Panna Dhay, Privet Bus Stend Meawr Girls Collage Rod, Gandhi Nagar, Chittorgarh (Raj.)
महिपाल सिंह सोलंकी
कुलदीप सिंह राणावत


दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
Neeraj Agencies
(Deals in all types of FMCG products)
नीरज सुखवाल
4, Bank Nagar, Near Hathi Kund, Madhuvan, Chittorgarh
Mob: 94132-50088, 88242-96866


दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मीरा प्रॉपर्टीज
एण्ड कंस्ट्रक्शन
चामटीखेड़ा चौराहा, चित्तौड़गढ़
मो.-9414302373
लोकेश सेठिया
हार्दिक सेठिया


दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
शांति लाल जाट
रामनरेश गाडरी
जगदीश चंद्र मेनारिया
JR Construction Company


दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
राकेश कुमार सोनया
Chandan General Store
Distributors: Cutlery & General Merchants, Shocks & Under Garments
4-B, Rishabh Complex, Behind Bhagwati Hotel, Chittorgarh (Raj.) 312001 (01472) 240104, 247040 (O)


धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Sleepwell
चित्तौड़गढ़ में सर्वाधिक बिक्री वाला शोरूम
पर्दे व सोफे की विस्तृत श्रृंखला
मेट्रेस, ब्लैंकेट्स, बेडशीट्स, रेडीमेड पलंग, कम्फर्टर सेट,
ऑफिस फर्नीचर, तैयार सोफे, वॉल पेपर, पर्दे व सोफे का कपड़ा
और भी बहुत कुछ आपके लिए सभी उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध
Jain Enterprises & Home Decor
4-A, Sukhadia Market, Near Axis Bank, Chittorgarh (Raj.)
Mo. 9414109010, 9461273704, 9660273704


दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
भाग्यलक्ष्मी बायो फर्टिलाइजर & भाग्यलक्ष्मी
अहीर भोजनालय (स्पेशल दाल बाटी)
भाग्यलक्ष्मी बायो फर्टिलाइजर
बिड़गास चौराहा, एराल पंचायत चित्तौड़गढ़ – 312001 (राजस्थान)
मोबाइल: +91 98291 23071 +91 96804 88877
अफीम और पपीता सभी सब्जियों के लिए रामबाण है
ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर्स के अग्रणी निर्माता व विक्रेता रेल्वे स्टेशन रोड़ औछन्द जिला व तह. चित्तौड़गढ़
शान्तिलाल अहीर मो. 9079352481 मो. 8290912577, 8529702577


दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
मोनू सलूजा


दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
Star Asset
Management
COMPANY
(Perfect financial Services)
Mutual funds, PMS, SIF, AIF & Retirement Planning
Financial & Investment Services
Office-G-64, Block-3, Ambey Market, Near Rituraj Vatika, Chittorgarh 312001 Raj
233, Floor-2, City Centre, Ashok Nagar Road, Udaipur 313001 Raj.
पंकज उपाध्याय
Mobile - 9602180587
Email-starassetmgtco@gmail.com
Website- www.starasset.in


दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
अशोक कुमार शर्मा
नितेश उपाध्याय
M. 8619977475
(One Stop Solution for all Solar Services)
सारथी SOLAR & LIBRARY
Our Branch : Bapu Nagar, Senthi | Chamti Khera Road, Chittorgarh
8949466937, 01472-240400


दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ सुभाष शर्मा


दीपावली
के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।
अल्पेश गोस्वामी
यश जायसवाल


खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व
दीपावली की
आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
बजरंग नाश्ता सेंटर (सेंथी)

# JKNC Nominates Agha Syed Mehmood as Candidate for Budgam Assembly Seat

FAIR REPORT



**Budgam** : The Jammu and Kashmir National Conference (JKNC) has officially announced Agha Syed Mehmood as its candidate for the upcoming Budgam Assembly election, following the directives of the party's top leadership. The decision was made after detailed internal consultations aimed at strengthening the party's grassroots presence in the central Kashmir region.

In a statement released on Saturday, the JKNC leadership extended its best wishes to Agha Syed Mehmood for a successful campaign, describing him as a "dedicated public representative deeply rooted in the service of the people." The party emphasized that Mehmood's candidature reflects its commitment to inclusive development, secular values, and the restoration of democratic institutions in Jammu and Kashmir.

Agha Syed Mehmood, a respected socio-political figure in Budgam, has been associated with community development and youth engagement initiatives for years. His nomination is seen as part of JKNC's broader strategy to reconnect with its traditional voter base and to counter emerging regional political fronts.

Speaking after the announcement, senior party leaders expressed confidence that Mehmood's candidacy would energize the campaign and help address key local issues such as unemployment, infrastructure gaps, and equitable representation.

The Budgam constituency holds strategic political significance in the Kashmir Valley, and this election is expected to witness a keenly contested battle among regional parties. Political observers note that JKNC's early announcement signals a proactive campaign approach focused on stability, governance, and safeguarding Jammu and Kashmir's unique identity within the Union of India.

As the electoral momentum builds, the National Conference reiterated its vision of "reclaiming the voice of the people through democratic participation," urging voters to support candidates who stand for peace, progress, and people-centric governance.

# India Achieves Breakthrough with Its First Indigenous Antibiotic 'Nafithromycin'

FAIR REPORT

**New Delhi**: In a landmark achievement for Indian medical science, the country has developed its first fully indigenous antibiotic — Nafithromycin — a breakthrough designed to combat drug-resistant respiratory infections, particularly in cancer and diabetic patients.

Developed by Indian researchers after years of dedicated effort, Nafithromycin represents a major stride towards self-reliance in advanced pharmaceuticals. The antibiotic has demonstrated exceptional efficacy against multi-drug resistant bacterial strains, offering new hope for patients suffering from persistent lung and respiratory tract infections that no longer respond to conventional drugs.

According to experts, antimicrobial resistance (AMR) has been one of the biggest global health threats of the 21st century. The emergence of Nafithromycin marks a crucial step in India's fight against AMR, providing a homegrown solution to a crisis that has strained healthcare systems worldwide.

The antibiotic has been developed through collaborative research involving leading Indian medical institutions and biotech firms, supported by the government's "Make in India" and "Atmanirbhar Bharat" (self-reliant India) initiatives. Pre-clinical and clinical trials have shown that Nafithromycin not only treats severe bacterial infections effectively but also has a favorable safety profile, making it suitable for use in vulnerable patients such as those with compromised immune systems. Health Ministry officials hailed the discovery as a "scientific milestone that places India among global leaders in antibiotic innovation." Plans are already underway to begin mass production and distribution, ensuring affordability and accessibility for Indian patients. With Nafithromycin, India not only enters a new era in medical innovation but also takes a bold step towards reducing its dependency on imported drugs — reinforcing the nation's vision of healthcare sovereignty and scientific excellence.

# The Eternal Symphony of Stone and Soul

FAIR REPORT
BY ANURAG SHARMA



**Jaipur:** There are cities born of conquest, and there are cities born of contemplation.

Jaipur belongs to the latter — a city conceived not merely in brick and lime, but in geometry, philosophy, and vision. From Pandit Vidhyadhar Bhattacharyya, the savant who drew Jaipur's first lines guided by Shilpa Shastra and celestial alignments, to Sir Mirza Ismail, who lent the city its urbane grace and civic discipline — Jaipur's story has always been one of art serving order, and order ennobling art.

Yet, what distinguishes Jaipur is not its past, but its continuity — the rare ability to breathe tradition into modernity without fracture or fatigue. That continuity, in our time, bears the unmistakable signature of Anoop Bartariya — an architect, aesthete, and dreamer who has given the Pink City new dimensions without diminishing its soul.

### The Architecture of Reverence

Walk through contemporary Jaipur, and one encounters not constructions, but conversations.

The Patrika Gate stands like an illuminated manuscript — a poetic doorway where the hand of the craftsman meets the vision of the philosopher. The Toran Dwar rises not as mere ornamentation, but as a symbol of continuity — an echo of the gateways of yore, reborn in the language of the present.

At Rajasthali Resort, Shiv Vilas, and Gold Palace, opulence is not borrowed but remembered; their arches and domes speak not of imitation but of inheritance. Each facade, each mural, each courtyard breathes the grammar of Rajasthan's classical idiom — yet stands at ease in the vocabulary of a global traveller.

The Gangaur Jhanki at Rambagh, the Amar Jawan Jyoti, and the Mansingh Statue recall the valorous soul of Rajputana — memorials where marble and memory clasp hands.

The IPD Tower, Shakun Hotel, and the iconic World Trade Park reveal another side of Bartariya's genius — the ability to infuse modern architecture with a native poise, transforming glass and steel into instruments of heritage rather than symbols of estrangement.

### Legacy and Lineage

Bartariya's creations are not isolated edifices; they are stanzas in the long poem of Jaipur.

From the serenity of the Peacock Garden to the intellectual symbolism of the Constitution Park, from the noble figure of Arjun poised in eternal readiness, to the graceful underpasses that marry necessity with aesthetics — each work embodies a single philosophy:

**that Jaipur's soul must evolve, not evaporate.**

He has proved, with rare conviction, that architecture need not shout to be heard — it may whisper, and still transform a city's destiny.

### Where Heritage Meets Horizon

In Bartariya's Jaipur, the ancient meets the avant-garde in dignified embrace. The city's skyline no longer divides its past from its promise; it blends them like dusk meeting dawn. His work restores to architecture its sacred vocation — to shape not merely structures, but civilization itself. Thus, Jaipur stands today as a city both rooted and radiant — a dialogue between marble and modernity, between the memory of kings and the imagination of citizens.

### An Eternal Continuum

From Vidhyadhar Bhattacharyya's sacred compass to Sir Mirza Ismail's enlightened governance, and now through Anoop Bartariya's inspired craft, the Pink City continues its pilgrimage — not from old to new, but from form to essence. "For Jaipur is not a city of stone," one might say, "It is a city of rhythm — where every dome, every boulevard, every breath still sings."

The soul of Jaipur has never sought to escape time; it has merely sought to ennoble it. And as long as visionaries like Bartariya continue to build, Jaipur shall remain what it has always been — a timeless correspondence between the earth and the eternal.


### Rajnath Singh to pay tribute at national memorial on Police Commemoration Day

**New Delhi,** Defence Minister Rajnath Singh will pay homage to the martyrs on Police Commemoration Day at the National Police Memorial on October 21, according to an official statement. On October 21, 1959, ten valiant policemen laid down their lives in an ambush laid by heavily armed Chinese troops at Hot Springs, Ladakh. Since then, it has been observed as Police Commemoration Day every year. "In recognition of the sacrifices made by police personnel and their paramount role in preserving national security and integrity, the Prime Minister dedicated National Police Memorial (NPM), Chanakyapuri, New Delhi to the nation on Police Commemoration Day-2018," according to the statement from the Ministry of Defence.










Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**